भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3648
(16 जुलाई, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए)

महाराष्ट्र में सड़कों का निर्माण

3648. श्री बालूभाऊ धानोरकर *उर्फ* सुरेश नारायण:

क्या ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत बनाई गई सड़कों सहित महाराष्ट्र में निर्मित सड़कों का ब्यौरा क्या है; और
(ख) निर्माणाधीन सड़कों की स्थिति क्या है?

उत्तर
ग्रामीण विकास मंत्री
(श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क): विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत महाराष्ट्र में बनाई गई सड़कों का ब्यौरा इस प्रकार है :-

वर्ष	सड़क और पुल कार्यों की संख्या	लंबाई (कि.मी. में)
2016-17	213	2000.70
2017-18	191	569.76
2018-19	99	266.83

(ख): योजना की शुरू त से लेकर 12.07.2019 तक पीएमजीएसवाई के अंतर्गत स्वीकृत 27713.909 कि.मी. लंबाई को कवर करते हुए 6876 सड़क और पुल कार्यों में से 26329.546 कि.मी. लंबाई को कवर करते हुए 6572 सड़क और पुल कार्य किए गए हैं। राज्य ने यह जानकारी दी है कि 633 कि.मी. लंबाई कवर करते हुए 261 सड़क और पुलों का कार्य चल रहा है।

*****